
ग्वालियर | शनिवार | 16 मई 2026 | वर्ष 31 | अंक 270 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु.5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


शनि जयंती आज


5 वैश्विक संस्थानों में सुधार जरूरी : जयशंकर


6 धंधा ठप होने की आशंका से ज्वेलर चिंतित


7 परिवहन ईंधनों की कीमतें बढ़ी


8 सिंधु की हार, सात्विक- चिराग सेमीफाइनल में

# धार भोजशाला वाग्देवी मंदिर

## इंदौर हाई कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला : नमाज का आदेश किया निरस्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर/धार. धार की बहुचर्चित भोजशाला विवाद में हाईकोर्ट ने बड़ा और निर्णायक फैसला सुनाते हुए इसे वाग्देवी (सरस्वती) मंदिर माना है. अदालत ने पूजा और नमाज से जुड़े पुराने आदेशों को निरस्त कर दिया है, वहीं अब इसके प्रबंधन को लेकर अंतिम निर्णय केंद्र सरकार और एएसआई पर छोड़ दिया है.**

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध पुरातात्विक साक्ष्य, ऐतिहासिक दस्तावेज और एएसआई की सर्वे रिपोर्ट से यह स्थल देवी सरस्वती का मंदिर और प्राचीन शिक्षा केंद्र साबित होता है. शुक्रवार को दिए गए फैसले में हाईकोर्ट ने 2003 के एएसआई आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें हिंदुओं को पूजा की अनुमति नहीं दी गई थी और मुस्लिम पक्ष को नमाज पढ़ने की



छूट दी गई थी. कोर्ट ने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक और संरक्षित स्थलों की सुरक्षा और संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है, साथ ही धार्मिक आस्था से जुड़े गर्भगृह और देव प्रतिमाओं का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए. अदालत ने केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को निर्देश दिए हैं कि वे भोजशाला के प्रबंधन को लेकर उचित व्यवस्था तय करें. साथ ही मुस्लिम पक्ष को मस्जिद के लिए वैकल्पिक भूमि के संबंध में सरकार से संपर्क करने की बात कही गई है. फैसले के बाद दोनों पक्षों की ओर से आगे की कानूनी रणनीति भी सामने आई है. मुस्लिम पक्ष ने निर्णय का सम्मान करते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है, वहीं जैन समाज ने भी अपने दावों को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख करने की तैयारी जताई है. इधर, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भोजशाला परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग कर क्षेत्र को नियंत्रित किया गया है और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था. उधर हिंदू पक्ष ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर अपील पर सुनवाई से पहले अपना पक्ष सुने जाने की मांग रखी है.

### मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाएगा

धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि उन्हें हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान है.उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और शोभा मेनन ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। अब फैसले की समीक्षा की जाएगी, इसके बाद मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाएगा.

### हिंदू पक्ष ने सुको में कैविएट दायर की

भोजशाला विवाद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की है. याचिकाकर्ता जितेंद्र सिंह विशेन की याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर किसी भी अपील पर हिंदू पक्ष को सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए.

# पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम

**नई दिल्ली, 15 मई. तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी. देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार से से गैर-ब्रांडेड डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है.पहले इसकी कीमत 87.67 रुपये प्रति लीटर थी.इसी प्रकार एक लीटर पेट्रोल की कीमत तीन रुपये बढ़ाकर 97.77 रुपये कर दी गयी है.**

पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से तेल विपणन कंपनियों पर कच्चे तेल की कीमत बढ़ाने का दबाव था.केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी.इंडियन ऑयल ने दिल्ली में अपने ब्रांडेड (प्रीमियम) पेट्रोल एक्सपी95 की कीमत 2.99 रुपये बढ़ाकर 104.88 रुपये प्रति लीटर और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत तीन रुपये बढ़ाकर 95.95 रुपये प्रति लीटर कर दी है.गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद ब्रांडेड डीजल की कीमत दूसरी बार बढ़ाई गयी है.इससे पहले मार्च में इसमें दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गयी थी. 15 मई 2026 को भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 4 वर्षों के बाद बढ़ोतरी की गई है, जो पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई उछाल के बाद हुई.

**नवीनतम वृद्धि-** 15 मई 2026 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 प्रति लीटर का इजाफा किया गया है।

### राहुल बोले- गलती सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी



**नई दिल्ली, 15 मई.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) राहुल गांधी ने सोशल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी। राहुल गांधी ने भविष्य में भी तेल कीमतों में इजाफा होने की आशंका व्यक्त की है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया.

**इन शहरों में पेट्रोल के दाम**

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली | 97,77रु. | 3.00 |
| कोलकाता | 108,74रु | 3.29 |
| बॉम्बे | 106,68 रु | 3.14 |
| चेन्नइ | 103,67रु | 2.83 |

**इन देशों में पेट्रोल के दाम**

| देश | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| नेपाल | 138.2 | 158.5 |
| बांग्लादेश | 116.7 | 115.0 |
| पाकिस्तान | 154.9 | 144.9 |
| अमेरिका | 144.5 | 148.1 |
| श्रीलंका | 138.2 | 141.8 |

### एक नजर में

#### बाजौर में सेना कैंप पर बड़ा आत्मघाती हमला

**बाजौर.** पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में मंगलवार को एक बड़ा और सुनियोजित आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें पाकिस्तानी सेना के एक कैंप को निशाना बनाया गया. शुरुआती जानकारी के अनुसार, इस हमले में कम से कम 15 सैनिकों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है.स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, हमलावरों ने सबसे पहले सेना की सुविधा वाले हिस्से में एक जोरदार विस्फोट किया. इसके बाद, हथियारबंद आतंकवादी परिसर के अंदर घुस

# नीट परीक्षा अब 21 जून को होगी

**नई दिल्ली,15 मई. मेडिकल कॉलेजों मे स्नातक स्तर तक प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट -यूजी) अब 21 जून को होगी. राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) ने गत तीन मई को आयोजित की गयी नीट परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी थी.**

नीट की तीन मई को हुयी परीक्षा में 22 लाख से अधिक छात्र - छात्रायें शामिल हुये थे. एनटीए पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि फिर से करवायी जा रही परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को नये सिरे से पंजीकरण नहीं करवाना पड़ेगा तथा किसी तरह की फीस भी नहीं देनी होगी. उसमें परीक्षार्थियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और केवल एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करने का अनुरोध किया है.

### 14 जून तक जारी होंगे एडमिट कार्ड- प्रधान

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा के लिए छात्रों को 14 जून तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे. उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से नीट परीक्षा ओएमआर शीट के बजाय कंप्यूटर आधारित मोड में कराई जाएगी. साथ ही इस बार दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रों को अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा शहर चुनने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा.

### नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है. जांच में पकड़ा गया मास्टरमाइंड पी.वी. कुलकर्णी, एक केमिस्ट्री लेक्चरर, जिसने छात्रों को विशेष कोचिंग के जरिए सवाल और जवाब रटवाए. कुलकर्णी के नेटवर्क में मनीषा वाघमारे समेत कई बिचौलिए शामिल थे, जिन्होंने छात्रों से लाखों रुपये वसूले।

**द्विपक्षीय वार्ता** | अबू धाबी पहुंचे मोदी, शेख मोहम्मद बिन जायेद ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

# भारत और यूएई के बीच 6 समझौतों पर हस्ताक्षर

**अबू धाबी 15 मई. चार यूरोपीय देशों की यात्रा से पहले शुक्रवार को संक्षिप्त यात्रा पर यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नहयान ने हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी का बाद में पारंपरिक स्वागत किया गया.इसके बाद दोनों देश के बीच शिष्टमंडल स्तर की वार्ता शुरू हुई.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नहयान के साथ शिष्टमंडल स्तर की और द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये. यूएई ने 2027 तक अपना क्रूड ऑयल उत्पादन बढ़ाकर 50 लाख बैरल प्रतिदिन करने की योजना बनाई है.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की.

भारत और यूएई ने ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्रों में छह समझौतों पर हस्ताक्षर किये भारत और यूएई ने ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्रों में छह समझौतों पर हस्ताक्षर किये.भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए ऊर्जा, रक्षा, समुद्री, प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्रों में छह समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए. एक महत्वपूर्ण कदम में यूएई ने भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है जिससे भारतीय बाजारों और अवसंरचना को मजबूती मिलेगी तथा देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.

# जिनकी योग्यता पर गंभीर संदेह वो खतरा हैं : सीजेआई



**नई दिल्ली,15 मई. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हाल ही में अदालत में काले कोट पहनकर घूम रहे हजारों फर्जी वकीलों पर तीखी नाराजगी व्यक्त की. यह विवाद दिल्ली हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट बनाने के नियमों के पालन में देरी के कारण उभरा.**

सीजेआई ने कहा कि ऐसे लोग, जिनकी डिग्रियों और पेशेवर योग्यता पर गंभीर संदेह है, न्याय पालिका की प्रतिष्ठा के लिए खतरा हैं. सुप्रीम कोर्ट की बेंच में शामिल जस्टिस जॉयमाला बागची ने इस दौरान सवाल उठाया कि क्या 'सीनियर एडवोकेट' का टैग सिर्फ एक स्टेटस सिंबल है जिसे सजाकर रखा जाता है या यह न्याय व्यवस्था में वास्तविक योगदान का प्रतीक है.उन्होंने स्पष्ट किया कि पेशेवर अनुशासन और योग्यता न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए अनिवार्य हैं. इससे पहले, दिल्ली हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद वरिष्ठ वकील बनाने में देरी की थी.अवमानना याचिका दाखिल करने वाले वकील ने व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होकर यह मामला तीसरी बार उठाया.सीजेआई ने कहा कि पूरी दुनिया वरिष्ठ पद के लिए पात्र हो सकती है, लेकिन कम से कम आप तो नहीं.

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- एयरलाइन का किराया इतना अलग क्यों?

**नई दिल्ली, 15 मई.** सुप्रीम कोर्ट ने देश में हवाई किराए के अनियमित और असमान होने पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी। बेंच ने कहा कि एक ही दिन और एक ही सेक्टर में उड़ान भरने वाली एयरलाइंस अलग-अलग किराए क्यों वसूल रही हैं, यह उचित नहीं है। सोशल एक्टिविस्ट एस. लक्ष्मीनारायणन की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान बेंच ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह यात्रियों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाए। याचिकाकर्ता ने कहा कि एयरलाइन के किराए कभी-कभी 300 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं, जिससे सामान्य यात्री आर्थिक रूप से प्रभावित होता है। बेंच ने टिप्पणी की कि वकीलों की फीस कई बार 400 प्रतिशत बढ़ जाती है, अब इसे लेकर क्या किया जाए।याचिकाकर्ता ने एयरक्राफ्ट एक्ट, 1937 के तहत नियमों का हवाला देते हुए कहा कि कानून पहले से मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन नहीं किया जा रहा। बेंच ने केंद्र को कहा कि नियमों का पालन कराना आवश्यक है और डजीसीए को निर्देश देने का अधिकार दिया जाए।

# तमिलनाडु में अवैध रूप से मतदान करने के आरोप में 25 विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**चेन्नई, 15 मई.** तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में कथित तौर पर अवैध रूप से वोट डालने के आरोप में अब तक लगभग 25 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है या हिरासत में लिया गया है।ये विदेशी नागरिक श्रीलंका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और कनाडा के हैं और उनके पास अपने देशों के पासपोर्ट हैं। इन्हें चेन्नई और मदुरई हवाई अड्डों पर तब गिरफ्तार किया गया या हिरासत में लिया गया, जब आप्रवासन अधिकारियों ने उनकी बाईं तर्जनी उंगली पर अमिट स्याही लगी पायी। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि उनके पास भारतीय पहचान साबित करने के लिए कोई भारतीय पासपोर्ट नहीं था। इन लोगों पर चुनाव में धोखाधड़ी से पहचान संबंधी दस्तावेज हासिल कर अवैध रूप से मतदान करने का आरोप लगाया गया है। मदुरई जैसे अन्य हवाई अड्डों और अन्य शहरों में भी मामले दर्ज किये गये जहां गिरफ्तारियाँ हुईं, लेकिन चेन्नई के पुलिस कमिश्नरेट ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि अन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आप्रवासन अधिकारियों ने 10 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

# पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत रद्द

**नई दिल्ली, 15 मई.** उच्चतम न्यायालय ने 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जेल की सजा निलंबित करने और उसे जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है. न्यायालय ने उच्च न्यायालय को दोषसिद्धि के खिलाफ उसकी अपील पर तेजी से फैसला करने का निर्देश दिया. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को पुनर्विचार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पास वापस भेज दिया.

